Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to introduce PM National Dialysis Programme in Bihar particularly in Maharajganj Parliamentary Constituency in the State - laid.

श्री जनार्दन सिंह सिग्रीवाल (महाराजगंज): मैं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जी का ध्यान प्रधान मंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम की ओर दिलाना चाहता हूँ । इस कार्यक्रम की घोषणा सरकार द्वारा 2016 में की गई थी । इसके तहत किडनी के मरीजों को उनके घर पर ही पेरिटोनियल डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध करायी जाती है ताकि डायलिसिस के लिए मरीजों को दूर बड़े शहरों में नहीं जाना पड़ेगा । इस योजना द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मरीजों को किट और दवा मुफ्त में मिलेगी व अन्य को रियायती दामों पर उपलब्ध कराया जायेगा ।

विदित हो कि मेरा संसदीय क्षेत्र महाराजगंज लोक सभा, बिहार स्वास्थ्य सुविधा की दृष्टि से एक अत्यन्त ही पिछड़ा क्षेत्र है । हमारे संसदीय क्षेत्र में प्रतिवर्ष अनेक संख्या में किडनी के मरीजों को इलाज व डायलिसिस के लिए अन्यत्र दूसरे दूर-दराज के शहरों में जाना पड़ता है । इसके कारण मरीज को समय पर डायलिसिस नहीं होने के कारण मरीज की स्थिति गंभीर हो जाती है साथ में इन्हें अत्यधिक आर्थिक बोझ भी उठाना पड़ता है ।

अतः भारत सरकार के माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जी से मेरा अनुरोध है कि बिहार राज्य सहित मेरे संसदीय क्षेत्र के ऐसे मरीज जिन्हें किडनी की डायलिसिस कराने की आवश्यकता है, उनके लिए प्रधान मंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम को शीघ्र शुरू किये जाने की व्यवस्था की जाये ।